हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176213
Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213

कमांक :– हि०शि०बो० / 22 / दशम–2 / लैटर सैट / 2-A / 2024/11536-11556 दिनांकः 3/9/2024

# "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा **सत्र 2024–25** के लिए हि०प्र० के राजकीय एवं हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त निजी स्कूलों के **नवमीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं** कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण करने के लिए **Online Portal** दिनांकः 09.09.2024 **से प्रारम्भ किया जा रहा है तथा ऑनलाईन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि दिनांकः** 14.11.2024 तक निर्धारित **की गई है तथा उसके उपरान्त दिनांकः 16.11.2024 से लेकर 30.11.2024 तक स्कूलों के user ID** पर परीक्षार्थियों के विवरण मे शुद्वि करने के अधिकार प्रदान किये जायेंगे। जिन परीक्षार्थियों का पंजीकरण पहले हो चुका है उन परीक्षार्थियों का नया पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है, उन परीक्षार्थियों को पहले से आवंटित पंजीकरण संख्या के अन्तर्गत ही परीक्षाओं से संम्बधित कारवाई की जानी है।

नये परीक्षार्थियों को पंजीकरण करवाने के लिए **Online Portal** में अंकित **New registration** की **option** को **click** करने के उपरांत परीक्षार्थी से संम्बधित जानकारी अपलोड करनी होगी। परीक्षार्थियों का पंजीकरण करवाने हेतु **पंजीकरण शुल्क 50/- रूपये प्रति छात्र ऑनलाईन** ही जमा करवाना होगा। इसके साथ–साथ विद्यालय से सम्बन्धी अन्य सूचना भी प्रपत्र के अनुसार भरकर भेजनी होगी।

**उपरोक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी परीक्षार्थी का पंजीकरण नहीं किया जाएगा तथा समयवद्ध पंजीकरण न किए जाने की पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक की होगी।**

सभी प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक तथा कक्षा के प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, लिंग तथा श्रेणी (Category) आदि सही अंकित हो। किसी भी परीक्षार्थी का विवरण यदि विद्यालय के प्रवेश रजिस्ट्रर से भिन्न पाया जाता है तो उसका पूर्ण उतरदायित्व सम्बन्धित स्कूल के प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक तथा कक्षा के प्रभारी का होगा।

(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)
सचिव

पृष्ठाकंन संख्याः–यथोपरि– दिनांकः–यथोपरि–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय / सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अतिरिक्त सचिव, समस्त संयुक्त सचिव / उप सचिव / सहायक सचिव।
3. समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा), हि० प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अनुभाग अधिकारी संचालन–1, आय एवं प्राप्ति शाखा।
5. लोक संपर्क अधिकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि इस अधिसूचना को समाचार पत्रों में प्रसारित करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
6. प्रभारी **(I.T. Cell)** को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि अधिसूचना को बोर्ड बैवसाईट व समस्त स्कूल **Login Id** पर अपलोड करें तथा दिनांकः–09.09.2024 से पंजीकरण प्रकिया प्रारम्भ करवाने वारे आवश्यक कार्यवाही करें।
7. रक्षक संचिका।

(डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा)
सचिव